एलाइंस एअर
ALLIANCE AIR
Connecting India



# "आवाहन" (उन्मुक्त उड़ान का)

## दिसम्बर, 2024
## राजभाषा विभाग

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान



उड़ान संरक्षा जागरूकता सप्ताह




सतर्कता जागरूकता सप्ताह



दीपावली का आयोजन



गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स अवार्ड



क्रिसमस दिवस



## मुख्य कार्यपालक अधिकारी की कलम से



प्रिय पाठको,

आप सबके समक्ष ई-राजभाषा पत्रिका प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में राजभाषा पत्रिका का निरंतर प्रकाशन एक महत्त्वपूर्ण योगदान है। राजभाषा पत्रिका के प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं ।

कार्यालय में राजभाषा हिंदी का विशेष महत्व है जिसमें आंतरिक राजभाषा ई- पत्रिकाओं की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन पत्रिकाओं के माध्यम से कार्मिकों में हिंदी के प्रति रूचि जागृत होती है और उनमें अधिकाधिक हिंदी में कार्य करने की इच्छा उत्पन्न होती है।

भौगोलिक दृष्टि से भी हिंदी विश्व भाषा है क्योंकि हिंदी बोलने, लिखने और समझने वाले लोग पूरे विश्व में व्याप्त हैं। आज विश्व स्तर पर हिंदी निरंतर अपनी आवश्यकता सिद्ध करती जा रही है। हिंदी भारतीयों की भाषा होते हुए भी आज विश्व में एक सशक्त संपर्क के रूप में अपनी मजबूती बनाए हुए है।

वतर्मान समय में हमारा लक्ष्य एयरलाइन को प्रोत्साहित करना है। इस दिशा में एलाइंस एअर लगातार आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। अपने उद्देश्य में सफल होने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करना है।

**जय हिन्द ! जय भारत !**

**(रामबाबू सी.)**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

## राजभाषा अधिकारी की कलम से



यह प्रसन्नता का विषय है कि राजभाषा विभाग द्वारा ई-पत्रिका **आवाहन** का निरंतर प्रकाशन किया जा रहा है। जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

आज प्रतिस्पर्धा के इस दौर में हम सभी पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करते हुए एयरलाइन को ऊँचांईयों और बुलन्दियों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। रोजमर्रा के कार्यालयीन कार्य हिन्दी में करते हुए हम सभी भारतीय संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं। हम सभी को राजभाषा नियमों/अधिनियमों का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

जैसा कि भाषा मनुष्य के भावों व विचारों को व्यक्त करने में सबसे सशक्त माध्यम होती है हिंदी भाषा एक ऐसी जनमानस की भाषा है जिसे आसानी से समझा जा सकता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि राजभाषा विभाग की पत्रिका आवाहन इसी प्रकार अपने उददेश्यों को प्राप्त करती रहेगी और हिंदी के विकास में गतिशील रहेगी।

मैं, आशा करता हूं कि राजभाषा ई-पत्रिका आवाहन को और अधिक रूचिकर बनाने में आपका सहयोग और सुझाव निरंतर मिलता रहेगा।

**जय हिंद। जय भारत।**

**(राहुल पाण्डेय)**
**कार्यपालक निदेशक (इंजी.) एवं राजभाषा अधिकारी**

# स्वच्छता पखवाड़ा अभियान

नागर विमानन मंत्रालय से प्राप्त दिनांक 04 अक्तूबर, 2024 के पत्र का अनुसरण करते हुए एलाइंस एअर के प्रशासन प्रिभाग द्वारा 04 अक्तूबर से 18 अक्तूबर 2024 तक स्वच्छता का विशेष अभियान 4.0 आयोजित किया गया जिसमें स्टेशनों द्वारा भी स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों की फोटोग्राफ भेजी गई तथा 16 अक्तूबर, 2024 से 31 अक्तूबर, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया जिसके तहत निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई :-

- एलाइंस एअर में स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थल की स्वच्छता स्वंय की तथा स्वच्छता कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लेकर स्वच्छता का विशेष अभियान 4.0 व स्वच्छता पखवाड़ा को सफल बनाया।
- एलाइंस एअर के मुख्यालय में स्थित सभी विभागों सहित कार्यालय परिसर के आंतरिक व बाहरी क्षेत्र की सफाई की गई।
- एलाइंस एअर के स्टेशनों द्वारा भी स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया और वहां भी स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने डेस्क की सफाई की व स्क्रैप वस्तुओं की पहचान कर उनका निदान किया गया।
- स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत कार्यालय स्थल पर स्वच्छता से संबंधित पोस्टर व स्लोगन लगाए गए व कार्यालय में स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान भी चलाया गया जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया व अपने कार्यस्थल पर स्वच्छता बनाई रखी।
- स्वच्छता अभियान के तहत कार्यालय परिसर में वृक्ष लगाए गए व कार्यालय परिसर में आवांछित झाड़ियों को हटाया गया व मुख्यालय में स्थित पेड़ों की कटाई व छटनी की गई।
- स्वच्छता अभियान 4.0 के तहत पैन्ट्री एरिया की सफाई के साथ-साथ पानी की टंकी की सफाई की गई जिससे कार्यालय में सभी कर्मचारियों को साफ-सुथरा पानी पीने को मिल सके और पानी की बर्बादी से बचा जा सके।




**(रचना पुण्डीर)**
**उप प्रबंधक**

# उड़ान संरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन





एलाइंस एअर में दिनांक 14 अक्तूबर से 18 अक्तूबर, 2024 तक उड़ान संरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

इस सप्ताह के दौरान, एलाइंस एअर ने जागरूकता बढ़ाने और उड़ान संरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया। कुछ गतिविधियों में संरक्षा, ईआरपी, डीएमएस, मेडिकल और क्यूएमएस पोस्टर जारी करना, साथ ही महत्वपूर्ण संरक्षा उपायों पर प्रकाश डालने वाला एक समाचार पत्र शामिल था। संरक्षा मुद्दों पर पायलटों, केबिन क्रू और इंजीनियरों के बीच इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। हमारी आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ग्राउंड स्टाफ के लिए एक प्राथमिक चिकित्सा कक्षा भी आयोजित की गई ।



उड़ान संरक्षा जागरूकता सप्ताह के दौरान, एलाइंस एअर के कर्मचारियों के लिए दिनांक 9 नवम्बर, 2023 को पुष्पावती सिंघानियां अनुसंधान संस्थान (पीएसएआरआई अस्पताल) के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया और लगभग 170 कर्मचारियों  ने स्वास्थ्य जांच शिविर में मेडिकल जांच करवाकर इसका लाभ उठाया।




उड़ान संरक्षा जागरूकता सप्ताह का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और क्रू दल के सदस्यों के साथ-साथ हमारे कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के महत्व पर जोर देना था। इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर, हमने न केवल अपने ज्ञान को बढ़ाया बल्कि अपने संगठन के भीतर एक मजबूत संरक्षा संस्कृति के निर्माण में भी योगदान दिया।










# एलाइंस एअर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2024 के दौरान आयोजित गतिविधियां

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड ने अपने पूरे नेटवर्क में 28 अक्तूबर से 3 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह (स.जा.स.) 2024 मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह एएएल के कर्मचारियों, आम जनता और यात्रियों को भ्रष्टाचार से होने वाले नुकसान व खतरों के बारे में जागरूक करने और उन्हें एक समृद्ध राष्ट्र के लिए अखंडता की संस्कृति को विकसित व प्रेरित करने के उद्देश्य से मनाया गया। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम था :–

**सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट की समृद्धि**
**"Culture of integrity for Nation's prosperity"**











एएएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की शुरुआत अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सत्यनिष्ठा शपथ के साथ की गई। अखंडता को बढ़ावा देने और नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के प्रयास के साथ, 28 अक्तूबर 2024 को प्रातः 11 बजे एलाइंस भवन में कार्मिक प्रधान और कंपनी सचिव द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में अखंडता की शपथ दिलाई गई।





एएएल ने मुख्यालय और बेस स्टेशनों पर सतर्कता प्रतिज्ञा और सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा, डोमिनोज संदेश, उड़ान में उद्घोषणाएं, सभी एएएल (9I) उड़ानों पर सी.वी.सी जिंगल बजाना, एसएमएस/ईमेल, नुक्कड़ नाटक, शिकायत निवारण शिविर, सतर्कता जागरूकता पर सीएमडी संदेश एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ का भी आयोजन किया।

**(अदिती धामी)**
**वरि. प्रबंधक, प्रचालन**












इस अवसर पर एलाइंस एअर टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया।

सुश्री सीमा दुग्गल, सुश्री अनुपमा, सुश्री सोनी, सुश्री किरन, सुश्री भारती एवं सुश्री सुप्रिया द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।














"सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि"

[illegible]

28 अक्टूबर से लेकर, 3 नवम्बर तक मनाएँ।
सत्यनिष्ठा की संस्कृति से समृद्धि पाएँ।

एक भारत, श्रेष्ठ भारत
सरदार वल्लभ भाई पटेल

नाम- दीक्षित कुमार
विभाग - वाणिज्य (कार्गो)
कर्मचारी संख्या - 87001453
पद का नाम - सहायक प्रबन्धक

# राष्ट्रीय एकता दिवस

31 अक्तूबर, 2024 को एलाइंस एअर मुख्यालय में "राष्ट्रीय एकता दिवस" लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के उद्देश्य से मनाया गया। राष्ट्रीय एकता जहां लोगों के बीच उभर रहे संघर्ष, तनाव और मदभेदों को दूर करने में मदद करती है वहीं सदभाव शांति स्थिरता और समझ को बढ़ावा देकर देश में शांतिपूर्ण, आपसी सम्मान और सहयोग का वातारण बनाने में मदद करती है।

**राष्ट्रीय एकता से है हमारा अस्तित्व,**
**इसे बनाए रखना है हमारा दायित्व।**




**राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ**

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

**RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE**

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.







# दीपावली आयोजन की कुछ झलकियां

एलाइंस भवन में दिनांक 30 अक्तूबर, 2024 को दीपावली पर्व का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश का पर्व, अज्ञान पर ज्ञान एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर रंगोली एवं लाइट से कार्यालय को सजाया गया तथा सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दीपोत्सव के अवसर पर एक दूसरे को बधाई दी एवं एलाइंस एअर में यह पर्व बड़े ही उत्साहपूर्वक एवं धूमधाम से मनाया गया।



# राजभाषा निरीक्षण अक्तूबर - दिसम्बर, 2024

## वित्त विभाग में राजभाषा हिंदी में किए गए उल्लेखनीय कार्य

- वित्त विभाग में इस समय 02 उप मुख्य वित्तीय अधिकारी, 01 वरि. प्रबंधक, 02 प्रबंधक, 03 उप प्रबंधक, 03 सहायक प्रबंधक, 05 अधिकारी, 02 सहायक अधिकारी, 03 वरि. पर्यवेक्षक कार्यरत हैं। विभाग में अधिकांश अधिकारी/कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है।
- वित्त विभाग द्वारा हिन्दी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध की जाती है।
- विभाग द्वारा मानक मसौदे हिन्दी/द्विभाषी रुप में उपयोग में लाए जा रहे हैं जो सराहनीय है।
- उपस्थिति रजिस्टर में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम द्विभाषी लिखे गए हैं तथा अधिकांश कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर हिन्दी में किए जा रहे हैं।
- विभाग में रबड़ की मोहरें, नेम प्लेट, परिपत्र, सूचनाएं, उपस्थिति रिकार्ड इत्यादि द्विभाषी जारी किए जाते हैं। अधिकतर बैंक बाउचर हिन्दी में तैयार किए जाते हैं जिन पर हस्ताक्षर हिन्दी में किए जाते हैं।
- वित्त विभाग द्वारा हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया जाता है।
- अधिकांश रजिस्टरों/फाइलों और बॉक्स फाइलों के शीर्ष हिन्दी में पाए गए।
- पत्र प्राप्ति रजिस्टर में प्रविष्टियां प्राप्त पत्रों के अनुसार हिन्दी/अंग्रेजी में की जाती है।
- कार्मिक विभाग को प्रत्येक माह का उपस्थिति विवरण द्विभाषी भेजा जाता है।
- यूटिलिटी हैंड की उपस्थिति विवरण हिन्दी में भेजी जाती है।
- पीएफ और वीपीएफ के भुगतान संबंधी बाउचर हिन्दी में बनाए जा रहे हैं।
- कैश बाउचर में अधिकतर प्रविष्टियां हिन्दी में की जा रही हैं।
- टीडीएस प्रमाण-पत्र के कवरिंग लैटर हिन्दी में दिए जा रहे हैं।
- भंडार विभाग से मंगाई जाने वाली सामग्री का मांग पत्र हिन्दी में भेजा जा रहा है।
- विभाग द्वारा हिन्दी पत्राचार को और अधिक बढ़ाए जाने का आश्वासन दिया गया है।

## प्रशासन विभाग में राजभाषा हिंदी में किए गए उल्लेखनीय कार्य

- प्रशासन विभाग में इस समय 01 प्रबंधक, 01 उप प्रबंधक, 02 सहायक प्रबंधक कार्यरत हैं। सभी को हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है।
- विभाग में 04 कम्प्यूटर हैं सभी कम्प्यूटरों में हिन्दी साफ्टवेयर उपलब्ध है।
- प्रशासन विभाग द्वारा हिन्दी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध की जाती है।
- विभाग द्वारा मानक मसौदे हिन्दी/द्विभाषी रुप में उपयोग में लाए जा रहे हैं जो सराहनीय है।
- विभाग में रबड़ की मोहरें, नेम प्लेट द्विभाषी पाए गए।
- विभाग के अधिकांश रजिस्टरों/फाइलों और बॉक्स फाइलों के शीर्ष द्विभाषी हैं।
- विभाग में सिविल कार्य से संबंधित सभी रजिस्टरों के शीर्ष द्विभाषी पाए गए। वर्क आर्डर रजिस्टर तथा अन्य सभी रजिस्टरों के शीर्ष हिन्दी में थे तथा विभिन्न पार्टियों के रुटीन बिलों के भुगतान संबंधी नोट हिन्दी में बनाए जा रहे हैं
- राजभाषा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए मानक मसौदों को प्रशासन विभाग द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है।
- कार्मिक विभाग को कर्मचारियों एवं यूटीलिटी हैंड की उपस्थिति हिन्दी में भेजी जा रही है।
- नोटिंग और ड्राफ्टिंग हिन्दी में की जा रही है तथा नोट पर हिन्दी में हस्ताक्षर किए जा रहे हैं।
- मीटर रीडिंग, मिल्क/कॉफी रजिस्टर में प्रविष्टियां द्विभाषी की जा रही हैं।
- इम्प्रेस्ट संबंधी पत्र भी द्विभाषी पाए गए।
- एस.ओ.एल अनुभाग द्वारा तकनीशियन, इंजीनियर, केबिन क्रू एवं स्थल प्रचालन में कार्यरत सभी कर्मचारियों के एस.ओ.एल ऑथारिटी हिन्दी में बनाए जा रहे हैं, जो कि सराहनीय हैं।
- विभाग में प्रेषण, स्पीड पोस्ट एवं पत्र प्राप्ति रजिस्टर प्रयोग में लाए जा रहे हैं जिनके शीर्ष द्विभाषी हैं। रजिस्टर में प्रविष्टियां प्राप्त पत्रों के हिसाब से हिन्दी और अंग्रेजी में की जा रही है।
- आरएओ संबंधी कार्य हिन्दी में किया जा रहा है जोकि सराहनीय है।
- विभाग द्वारा भण्डार विभाग को भेजे जाने वाला मांग पत्र द्विभाषी भेजा जाता है।
- प्रशासन विभाग में अधिकांश नियमित कार्य हिन्दी में किया जा रहा है जो कि सराहनीय है।
- विभाग द्वारा गेट पास/मेमो हिन्दी में बनाए जा रहे हैं।
- केबिन क्रू/पायलट/इंजीनियरिंग/ग्राउंड स्टाफ की रिकार्ड एंट्री रजिस्टर हिन्दी में बनाए गए हैं।
- हाउस कीपिंग के सामान को जारी करने संबंधी प्रविष्टियां द्विभाषी की जा रही हैं।
- फोका सर्विलांस रिपोर्ट संबंधी ब्यौरा डीजीसीए को द्विभाषी भेजा जाता है।

*****

# हिंदी कार्यशाला – 25 अक्तूबर, 2024

दिनांक 25 अक्तूबर, 2024 को एलाइंस एअर राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी जानने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 12 अधिकारियों/कर्मचारियों जिनमें सर्वश्री प्रदीप कुमार, सुरक्षा, सुश्री नज़मा परबीन, अधिकारी, सुरक्षा, श्री अंकुर श्रीवास्तव, उप प्रबंधक सूचना प्रौद्योगिकी,श्री रजत सैनी, उप प्रबंधक, सूचना प्रौद्योगिकी, सुश्री प्रतिभा सिंह, तकनीकी सहायक, कैमो, श्री सुमित तकनीकी सहायक, कैमो, सुश्री आकांक्षा दीक्षित, वरि. पर्यवेक्षक, सीईओ कार्यालय, सुश्री अर्चना कौशल, पर्यवेक्षक, कार्मिक, सुश्री पुष्पा, सहायक प्रबंधक, सी.एम.एस., श्री हेमंत कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक, वाणिज्य, श्री विकास लौहमोर अधिकारी, वाणिज्य, श्री बालकृष्ण राव, अधिकारी, वाणिज्य एवं सुश्री ऐनी सिन्हा, अधिकारी, वाणिज्य ने भाग लिया।

उपरोक्त कार्यशाला में कार्यपालक निदेशक (इंजी.) एवं राजभाषा अधिकारी श्री राहुल पाण्डेय जी द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में काम करने व हिंदी पत्राचार को बढ़ाने के लिए अपने दैनिक कार्यालय कार्य करने के साथ गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करने के निर्देश दिए गए।

हिंदी कार्यशाला में अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़े भरने संबंधी जानकारी एवं भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए भाषायी क्षेत्रों के आधार पर भेजे जाने वाले हिंदी पत्राचार के प्रतिशत के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि हमारा कार्यालय दिल्ली 'क' क्षेत्र के अन्तर्गत आता है जिसका हिंदी पत्राचार का लक्ष्य 100 प्रतिशत है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आप अपने कार्यालय के दैनिक कार्यों के साथ-साथ हिंदी में छोटी-छोटी टिप्पणियां, नोटिंग ड्राफ्टिंग, रजिस्टरों, फाइलों आदि के नाम द्विभाषी लिखकर शुरूआत कर सकते हैं, साथ ही साथ विभाग के नेम प्लेट विजिटिंग कार्ड, रबड़ की मोहरें, रजिस्टरों में हिंदी में प्रविष्टिंया आदि कर हिंदी पत्राचार को बढ़ा सकते हैं व लिखने के क्रम में पहले हिंदी व बाद में अंग्रेजी का प्रयोग किया जाएगा।

कार्यशाला में राजभाषा से संबंधित स्लाइड को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी लेखन का अभ्यास करने हेतु विभागाध्यक्षों के पदनाम, अंग्रेजी हिंदी अनुवाद भी करवाया गया। हिंदी कार्यशाला की सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रशंसा की गई।







**(कमला मेहरा)**
**उप प्रबंधक (राजभाषा)**

# गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स अवार्ड 2024

दिनांक 21 नवंबर 2024 को विमानन क्षेत्र में भारतीय महिलाओं की उपलब्धियों को दर्शाने हेतु "गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स अवार्ड 2024" का आयोजन भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय के तहत अध्यक्ष और महिला सदस्यों की परिषद द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य युवा लड़कियों को भविष्य में विमानन क्षेत्र में राजदूत बनने के लिए प्रेरित करना था।






इस आयोजन में नागर विमानन मंत्रालय के माननीय सचिव श्री वुमलुनमंग वुअल्नम, श्री विपिन कुमार, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, ओडिशा सरकार की मुख्य सचिव सुश्री उषा पाधी, नागर विमानन मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव श्री अंबर दुबे और महिला एविएशन इंडिया की अध्यक्ष सुश्री राधा भाटिया सहित विशिष्ट अतिथियों द्वारा विमानन क्षेत्र में पुरस्कार प्रदान किए गए।







एलाइंस एअर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा एलाइंस एअर की निम्नलिखित पांच प्रतिभाशाली महिलाओं को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामित किया गया था :-

**कप्तान उर्मिला यादव, कमांडर, सुश्री शिल्पा भाटिया, कंपनी सचिव, विधिक अधिकारी एवं सीईओ की कार्यपालक सहायक, सुश्री नज़मा परवीन-अधिकारी सुरक्षा, सुश्री सास्वती देव कलिता- पर्यवेक्षक सुरक्षा, सुश्री मनिंदर कौर- वरिष्ठ प्रबंधक - प्रचालन**







विमानन उद्योग में इन महिलाओं की उपलब्धियां उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है और यह महिलाएं अन्य महिलाओं को विमानन क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रेरित कर रही हैं।

"गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स अवार्ड 2024" सिर्फ एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि विमानन क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को बढ़ावा देने के साथ-साथ विमानन क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। इस कार्यक्रम ने अर्थव्यवस्था के निर्माण और विकसित भारत में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला है। अंत में यह कहा जा सकता है कि "गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स अवार्ड 2024" एक ऐसा मंच था, जिसने विमानन क्षेत्र में भारतीय महिलाओं की प्रतिभा और उपलब्धियों को उजागर किया।

**(शिल्पा भाटिया)**
**कंपनी सचिव, विधिक अधिकारी एवं**
**सीईओ की कार्यपालक सहायक**

# क्रिसमस दिवस

दिनांक 24 दिसम्बर, 2024 को एलाइंस भवन में क्रिसमस पार्टी का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय जी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को क्रिसमस दिवस एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि एलाइंस एअर का भविष्य बेहतर और सुरक्षित है बस हम सब को मिलकर कम्पनी के लिए नई ऊर्जा और टीमवर्क के साथ काम करना है कम्पनी की प्रगति में कर्मचारियों का अहम किरदार होता है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि सरकार और प्रबंधन वर्ग हमेशा आपके साथ है। विमानन कम्पनी होने के कारण हमें व्यावसायिक चुनौतियों के बीच अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना है। एयरलाइन को और अधिक ऊंचाईयों तक ले जाने और सशक्त बनाने में हमें अपना अधिक से अधिक सहयोग देना है। मैं जानता हूं कि कार्यालय का हर कर्मचारी बड़ी लगन और निष्ठा से अपना काम कर रहा है। हमें अपनी सोच को सकारात्मक रखते हुए सबको साथ लेकर काम करना है।

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक दूसरे को क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।



# समय का उपयोग ही सफलता की नींव है।

कृपया अपनी प्रतिक्रिया से अवश्य अवगत कराए
राजभाषा विभाग, एलाइंस एअर, मुख्यालय

प्रस्तुतिकरण - विनोद चन्द्र सनवाल
कमला मेहरा

सम्पर्क - 011-25674178
ई मेल- rajbhasha@allianceair.in